# सिंहानिया व सनातन धर्म स्कूल संयुक्त विजेता घोषित

शतरंज प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी। फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** केएसएस शतरंज प्रतियोगिता में बराबर-बराबर अंक जुटाने पर सर पदमपत सिंहानिया स्कूल व सनातन धर्म स्कूल को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया गया।

डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप स्कूल, श्याम नगर में आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में 44 सीबीएसई विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 तक के 220 (बालक) खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 6 चक्र का मुकाबला हुआ। कानपुर चेस एसोसिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव ने बताया कि पांचवां व छठा राउंड रोमांचक रहा। सनातन धर्म स्कूल को प्रथम स्थान पाने के लिए चार बोर्ड जीतने जरूरी थे लेकिन स्कूल के खिलाड़ी 2 जीत व एक ड्रा के साथ ढाई अंक प्राप्त कर सके। टीम कुल 11 मैच प्वाइंट जुटा सकी। सर पदमपत सिंहानिया स्कूल ने फाइनल राउंड में चारों बोर्ड जीते। टीम ने 11 मैच प्वाइंट जुटाए। इस लिहाज से सिंहानिया व सनातन धर्म स्कूल को संयुक्त रूप से प्रतियोगिता का विजेता घोषित किया गया। प्रतियोगिता में किसी भी टीम को दूसरा स्थान नहीं दिया गया। तीसरा स्थान दिल्ली पब्लिक स्कूल कल्याणपुर को मिला। इस स्कूल के खाते में 10 मैच प्वाइंट थे। सोनेलाल पटेल स्कूल ने चौथा व मेजबान डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप स्कूल एजुकेशन सेंटर ने पांचवां स्थान प्राप्त किया। विजेता टीमों को मेजबान विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती विजय श्री पांडेय ने वैजयंती प्रदान की। प्रतियोगिता की ऑब्जर्वर श्रीमती डफेन लेम्यूर ने पांच बोर्ड जीतने वालों को बेस्ट परफार्मर की ट्रॉफी व प्रमाण पत्र प्रदान किये। यहां चीफ आरबीटर हरीश रस्तोगी, सहायक अनिल बाजपेयी, सनी मैथ्यु, आरके यादव, जीतेन्द्र शर्मा, श्रेया भट्टाचार्या, अलका दिनकर व प्रत्यक्ष श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

**केएसएस शतरंज प्रतियोगिता**

# सिंहानिया-सनातन धर्म ज्वॉइंट विनर

डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर में दो दिवसीय केएसएस चेस चैंपियनशिप के आखिरी दिन सिंहानिया एजुकेशन सेंटर व सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर ज्वॉइंट रूप से विनर रहे. डीपीएस कल्याणपुर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ. बोर्ड विनर्स में हर्षवर्धन पटेल फर्स्ट, तनमय तिवारी सेकेंड, हर्ष झा थर्ड प्लेस पर रहे. बेस्ट परफॉर्मेंस का खिताब ऋषभ अवस्थी, हर्ष कुमार, अविवर निगम, नवनीत कुमार, प्रकाश जायसवाल, आर्यन राज को दिया गया. विनर्स को प्रिंसिपल विजय पांडे ने मेडल व ट्रॉफी प्रदान की.

# शतरंज: सर पदमपत व सनातन धर्म स्कूल बने विजेता

**कानपुर।** श्याम नगर स्थित डॉ. वीरेंद्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर में चल रही कानपुर सहोदय स्कूल (केएसएस) शतरंज प्रतियोगिता में सर पदमपत सिंहानिया व सनातन धर्म एजुके शन सेंटर 18-18 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विजेता बने। डीपीएस कल्याणपुर दूसरे स्थान पर रहा। डॉ. सोनेलाल पटेल स्कूल को तीसरा स्थान मिला। विजेता व उप विजेता टीम को विद्यालय की प्रिंसिपल विजय श्री पांडेय ने ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार डॉ. वीरेंद्र स्वरूप के ऋषभ अवस्थी, एलन हाउस के हर्ष कुमार, नवीन कुमार, प्रभात सीनियर स्कूल के अविवर निगम, दि जैन इंटरनेशनल के प्रकाश जायसवाल, स्कोमिया एकेडमी के आर्यन राज को मिला। डफेन लेम्यूर, कानपुर चेस एसोसिएशन के सचिव दिलीप श्रीवास्तव, अखिलेश त्रिपाठी, हरीश रस्तोगी, अनिल बाजपेई, सनी मैथ्यू, आरके यादव आदि मौजूद रहे।

शतरंज में विजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत करतीं डॉ. वीरेंद्र स्वरूप स्कूल की प्रिंसिपल विजय श्री पांडेय।

# सिंहानिया व सनातन धर्म संयुक्त विजेता

**कानपुर।** श्यामनगर स्थित डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर में दो दिवसीय केएसएस शतरंज प्रतियोगिता में सिंहानिया एजुकेशन सेंटर व श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर संयुक्त रूप से विजेता रहे। डीपीएस कल्याणपुर को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। चौथ स्थान डॉ. सोलेलाल पटेल व पांचवां स्थान डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर श्यामनगर के नाम रहा। बोर्ड विजेता में हर्षवर्धन पटेल प्रथम, तनमय तिवारी द्वितीय, हर्ष झा तृतीय, शिवम यादव चौथे स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रिंसिपल विजय श्री पाण्डे ने मेडल व ट्रॉफी प्रदान की।

# सिंहानिया व सनातन धर्म संयुक्त विजेता बने

**कानपुर।** शयामनगर स्थित डॉ. वीरेन्द्र स्वरूप एजुकेशन सेंटर में दो दिवसीय केएसएस शतरंज प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें सिंहानिया एजुकेशन सेंटर और श्री सनातन धर्म एजुकेशन सेंटर संयुक्त विजेता रहे। यहां पर कानपुर चेस संघ के दिलीप श्रीवास्तव, अलका दिनकर रहे।